हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शुक्रवार 15 मई 2026

13 आरपीएस की स्वाति ने 99.6, ईप्शा ने 99.2, अक्षिता ने 99...


14 पुलिस मुठभेड़ में संजय कालबा घायल, दो साथियों...


### उत्तीर्ण प्रतिशत में दो फीसदी गिरावट

# प्रदेश में 4 सालों से जिला तीसरे नंबर पर कायम

**जिला स्तर की मेरिट में प्रदेश स्तर पर रहे दीपांशु को जोड़कर सात विद्यार्थियों ने पाई जगह**

**बालाजी स्कूल भुंगारका का छात्र दीपांशु प्रदेश स्तर पर दूसरे स्थान पर जिला लेवल की मेरिट लिस्ट में सबसे ऊपर भी इसी स्कूल का विद्यार्थी शुभम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के तहत कक्षा दसवीं (शैक्षिक/मुक्त विद्यालय) का वार्षिक परीक्षा-2026 का परिणाम वीरवार दोपहर घोषित कर दिया गया। इस परिणाम में महेंद्रगढ़ जिला प्रदेशभर में तीसरे नंबर पर है। जिला के 93.96 फीसदी परीक्षार्थी पास हुए है। प्रदेशभर में लगातार चौथी बार जिला तीसरे नंबर पर है। साल 2023 में 77.55 प्रतिशत, साल 2024 में 97.53 प्रतिशत और साल 2025 में 95.78 प्रतिशत विद्यार्थियों को कामयाबी मिली। इस बार अंतर यह है कि पास प्रतिशत दो फीसदी कम जरूर हुई है, पर हरियाणा में तीसरा स्थान कायम है।इस बार के परिणाम में अच्छी बात यह रही कि पूरे हरियाणा में दूसरा स्थान जिला के ही बालाजी स्कूल भुंगारका के छात्र दीपांशु ने हासिल किया है। इस छात्र को 498 अंक मिले है।

परीक्षार्थी अपना परीक्षा परिणाम बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट www.bseh.org.in पर देख सकते हैं। परिणाम के मुताबिक 7828 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। इनमें से 7355 पास हुए है और 341 की कम्पार्टमेंट आई है। वहीं 132 फेल हुए है। इस तरह पास प्रतिशत 93.96 रहा है। वहीं बीते साल 2025 की बात करें तो जिला से 7726 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। इनमें 7400 पास हुए और 237 विद्यार्थियों की कम्पार्टमेंट आई थी। वहीं 89 फेल हुए थे। उस वक्त जिला का परीक्षा परिणाम 95.78 प्रतिशत रहा।

***बोर्ड अध्यक्ष प्रो. डॉ. पवन कुमार के मुताबिक:*** उन्होंने बताया कि पास प्रतिशतता में जिला जिला चरखी दादरी प्रथम स्थान पर, द्वितीय स्थान पर जीन्द, तीसरे स्थान पर महेन्द्रगढ़ तथा जिला नूंह सबसे नीचले पायदान पर रहा। यह परिणाम सायं से संबंधित विद्यालयों/संस्थाओं द्वारा बोर्ड की वेबसाइट पर जाकर अपनी यूजर आईडी व पासवर्ड द्वारा लॉगिन करते हुए डाऊनलोड भी किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि स्वयंपाठी परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक अथवा नाम, पिता का नाम, माता का नाम व जन्म तिथि भरते हुए परीक्षा परिणाम देख सकते हैं। विद्यालयी परीक्षार्थी भी अपना परिणाम अनुक्रमांक व जन्म तिथि भरते हुए देख सकते हैं।

### क्या कहते हैं डीईओ

*जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. विश्वेश्वर कौशिक ने बोर्ड परीक्षा परिणामों पर हर्ष व्यक्त करते हुए जिले के विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को हार्दिक बधाई दी है। इस वर्ष जिले का परीक्षा परिणाम न केवल गुणात्मक बल्कि व्यक्तिगत उपलब्धियों के मामले में भी ऐतिहासिक रहा है। डीईओ ने विशेष रूप से दीपांशु और उनके परिवार को इस गौरवमयी उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि यह जिले के अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और शिक्षकों के कड़े परिश्रम की सराहना की।*

### बालाजी स्कूल भुंगारका का छात्र दीपांशु 498 अंक लेकर प्रदेश स्तर पर द्वितीय



नांगल चौधरी। हरियाणा शिक्षा बोर्ड के 10वीं कक्षा के नतीजों में बालाजी सीनियर सेकेंडरी स्कूल भुंगारका ने राज्य स्तर पर रिकार्ड बनाया है। छात्र दीपांशु ने 500 में से 498 अंक लेकर दूसरा स्थान हासिल करके जिला व स्कूल का नाम रोशन किया है। मेधावी छात्र दीपांशु पुत्र धर्मपाल ने सफलता का श्रेय स्कूल के अनुशासन, शिक्षण व्यवस्था व संयमित दिनचर्या को दिया। संस्था के चेयरमैन रामनिवास यादव ने समारोह आयोजित करके होनहार छात्र को प्रोत्साहित किया। छात्र दीपांशु पुत्र धर्मपाल ने बताया कि परीक्षा के दौरान मानसिक तनाव को हावी नहीं होने दिया तथा दैनिक दिनचर्या का रूटीन बनाए रखा है। स्कूल के अतिरिक्त पांच से छह घंटे पढ़ाई की। इसके अलावा मोबाइल व सोशल मीडिया से दूरी बनाकर नियमित रूप से योगासन तथा खेलकूद को प्राथमिकता दी है। उन्होंने बताया कि साइंस संकाय से स्नातक डिग्री लेने के बाद यूपीएससी करना टारगेट है। स्कूल के चेयरमैन रामनिवास यादव ने बताया कि कक्षा में विद्यार्थियों का ग्रुप बनाकर तैयारी कराई जाती है, जिसके चलते अधिकतर बच्चों को 85 फीसदी से अधिक अंक मिलने संभव हुए हैं।

## जिले के टॉपर विद्यार्थी

### बालाजी स्कूल का शुभम कुमार रहा जिला टॉपर



**नांगल चौधरी।** बालाजी सीनियर सेकेंडरी स्कूल भुंगारका के विद्यार्थी शुभम कुमार पुत्र ईश्वर दयाल ने 500 में से 495 अंक लेकर जिला स्तर पर प्रथम स्थान अर्जित किया है। जबकि एक छात्र दीपांशु कुमार ने 498 अंक लेकर स्टेट लेवर पर दूसरा स्थान अर्जित किया है। स्कूल के प्राचार्य हवासिंह ने बताया कि 10वीं की परीक्षा में 98 विद्यार्थी अपीयर हुए थे। जिनमें 20 ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक लेकर संस्था का गौरव बढ़ाया है। छात्रा कार्तिका ने 493, खुशी दहिया ने 492, प्रेरणा कुमारी ने 492, रिया कुमारी ने 491, निशांत कुमार 491, कनिष्का कुमारी ने 488, सोलंकी कुमारी ने 487 अंक लेकर परीक्षा उत्तीर्ण की है। संस्था के चेयरमैन रामनिवास यादव ने कहा कि बीते आठ सालों से विद्यालय लगातार जिला व स्टेट स्तर पर स्थान हासिल कर रहा है।

### बास खुडाना के रूपेंद्र ने हासिल किए 495 अंक



**महेंद्रगढ़।** गांव बास खुडाना निवासी रूपेंद्र ने कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम में 495 अंक प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया हैं। रूपेंद्र गांव आकोदा स्थित बीएस स्कूल का छात्र हैं। रूपेंद्र करीब आठ घंटे पढ़ाई कर यह मुकाम हासिल की हैं। रूपेंद्र पिता हरिश कुमार एक निजी कंपनी में कार्यरत हैं, माता पूनम गृहणी हैं। रूपेंद्र की बहन ने भी हाल हीं में घोषित 12वीं के परीक्षा परिणाम में 96 प्रतिशत से अधिक नंबर अर्जित किए हैं। विद्यार्थी के माता-पिता ने भी बेटे की सफलता पर गर्व व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि बेटे ने मोबाइल और अन्य मनोरंजन से दूरी बनाकर पूरी मेहनत से पढ़ाई की।

### छात्रा हिमानी ने 494 अंक किए प्राप्त



**महेंद्रगढ़।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 10वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में गांव खुडाना निवासी छात्रा हिमानी ने 494 अंक प्राप्त कर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। छात्रा की इस उपलब्धि से परिवार, स्कूल और गांव में खुशी का माहौल है। छात्रा हिमानी ने बताया कि उसने नियमित पढ़ाई, समय प्रबंधन और शिक्षकों के मार्गदर्शन के बल पर यह सफलता हासिल की। हिमानी गांव पाली स्थित संस्कार शिक्षा भारती स्कूल की छात्रा हैं। हिमानी के पिता गौरीशंकर बिजली निगम में कार्यरत हैं तथा माता ममता गृहणी हैं। हिमानी ने कहा कि कठिन परिश्रम और आत्मविश्वास से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

### आठ से नौ घंटे की पढ़ाई



**महेंद्रगढ़।** गांव राठीवास निवासी छात्रा आकांक्षा ने कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम में 494 अंक प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। आकांक्षा के पिता मुकेश कुमार एक टैक्सी ड्राइवर हैं, वहीं माता अर्चना गृहणी है। छात्रा नियमित आठ से नौ घंटे पढ़ाई कर यह मुकाम हासिल की है। छात्रा गांव खातोदड़ा के बीएनडी स्कूल की नियमित छात्रा है। बेटी ने मोबाइल और अन्य मनोरंजन से दूरी बनाकर पूरी मेहनत से पढ़ाई की। गांव व स्कूल के लोगों ने छात्रा को मिठाई खिलाकर बधाई दी और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### विला शिक्षा निकेतन की छात्रा कुमारी निक्की जिले में द्वितीय



**नांगल चौधरी।** विला शिक्षा निकेतन मेघोत हाला की छात्रा कुमारी निक्की पुत्री हवासिंह ने 10वीं की परीक्षा में 494 अंक लेकर जिले में दूसरा स्थान हासिल किया है। मेधावी छात्रा ने सफलता का श्रेय स्कूल की शिक्षण व्यवस्था तथा शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन को दिया है। छात्रा ने बताया कि परीक्षा नजदीक आते ही अधिकांश विद्यार्थी परिणाम को लेकर चिंतित हो जाते हैं। दैनिक दिनचर्या में बदलाव करके केवल पढ़ाई को ही प्राथमिकता देते हैं, जिससे शारीरिक स्वास्थ्य कमजोर होने लगता है और एकाग्रता नहीं हो पाती। परीक्षा का शेड्यूल जारी होते ही मानसिक तनाव को प्रभावी नहीं होने दिया तथा सलेबस का रीविजन करना आरंभ कर दिया। पढ़ाई के साथ घरेलू कामकाज को भी पहले की तरह जारी रखा और रोजाना एक घंटे मनोरंजनमयी गतिविधियों से जुड़ी रही। छात्रा ने बताया कि आर्ट संकाय से स्नातक करने के बाद आईएएस बनना ही टारगेट है। स्कूल के चेयरमैन विजयपाल यादव ने सम्मान समारोह आयोजित करके छात्रा का अभिनंदन करने का निर्णय लिया है।

## विदेशी महिला पर्यटक से अभद्रता का वीडियो वायरल करने वाला गिरफ्तार

**नारनौल।** पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक विदेशी महिला पर्यटक के साथ अभद्र व्यवहार करने व उसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने वाले आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति ने बालाजी मंदिर रघुनाथपुरा के प्रांगण में एक विदेशी महिला पर्यटक के साथ आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग करते हुए एक वीडियो बनाया है। आरोपित ने इस वीडियो को बिना महिला की सहमति के अपनी इंस्टाग्राम आईडी से सात मई को सार्वजनिक कर दिया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने 13 मई को आरोपित के खिलाफ आईटी एक्ट व भारतीय न्याय संहिता के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस प्रशासन की ओर से सभी नागरिकों को यह स्पष्ट और कड़ा संदेश दिया जाता है कि किसी भी व्यक्ति, विशेषकर विदेशी पर्यटकों के साथ किसी भी प्रकार का अभद्र व्यवहार या अमर्यादित आचरण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विदेशी मेहमान हमारे देश की अतिथि देवो भव की परंपरा पर विश्वास करके यहां आते हैं।


धार्मिक स्थल परिसर में बनाई गई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल
वीडियो क्रिएटर का विदेशी महिला पर्यटक के साथ अभद्र व्यवहार

**नारनौल।** 13 मई हरिभूमि में प्रकाशित समाचार।

इस तरह की हरकतें न केवल हमारी संस्कृति को कलंकित करती हैं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हमारे देश की छवि को भी भारी नुकसान पहुंचाती हैं। पुलिस की आमजन से अपील है कि वे पर्यटकों के साथ सम्मानजनक व्यवहार करें। यदि कोई भी व्यक्ति इस प्रकार की आपत्तिजनक गतिविधियों में संलिप्त पाया जाता है या सोशल मीडिया का दुरुपयोग कर किसी की गरिमा को ठेस पहुंचाता है, तो उसके खिलाफ पुलिस की ओर से नियमानुसार अत्यंत सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### नशे के खिलाफ जीरो टॉलरेंस

## एनडीपीएस एक्ट में फंसा सुराना का सरपंच निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

मुख्यमंत्री के ड्रग फ्री हरियाणा अभियान को मजबूती देते हुए उपायुक्त अनुपमा अंजलि ने सुराना ग्राम पंचायत के सरपंच विश्वास कुमार को तत्काल प्रभाव से पद से निलंबित कर दिया है। यह कदम सरकार की उस नीति को स्पष्ट करता है, जिसमें कानून से ऊपर कोई भी नहीं है, चाहे वह जनप्रतिनिधि ही क्यों न हो।


जिसके जिम्मे था नशामुक्त अभियान, वही निकला चिट्टे का सौदागर
हेरोइन बेच रहा सरपंच चार साथियों सहित पकड़ा
होटल में रेड मारकर 91 ग्राम चिट्टा किया बरामद

**नारनौल।** प्रकाशित समाचार।

उपायुक्त ने बताया कि खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी सिहमा की रिपोर्ट के अनुसार सरपंच विश्वास कुमार के खिलाफ थाना शहर में एनडीपीएस एक्ट की धारा के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। चूंकि यह मामला मादक पदार्थों की तस्करी जैसे संगीन अपराध से जुड़ा है और आरोपित सरपंच को पुलिस ने द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। ऐसे में उनका पद पर बने रहना जनहित में उचित नहीं पाया गया।

हरियाणा पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 51 के तहत मिली शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह निलंबन आदेश जारी किए हैं। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि विश्वास कुमार अब पंचायत की किसी भी कार्रवाई में हिस्सा नहीं ले सकेंगे।

साथ ही उन्हें निर्देश दिए गए हैं कि वे पंचायत का सारा रिकॉर्ड और चल अचल संपत्ति का कार्यभार नियमानुसार बहुमत वाले पंच को तुरंत सौंप दें। डीसी ने स्पष्ट किया है कि समाज में जहर घोलने वाले और कानून का उल्लंघन करने वाले तत्वों के खिलाफ ऐसी सख्त कार्रवाई भविष्य में भी जारी रहेगी। उपायुक्त ने जिले के सभी सरपंचों का सरकार के नशा मुक्त हरियाणा अभियान में भागीदारी के लिए आह्वान किया।



## खबर संक्षेप

### जय अम्बे मां स्कूल के विद्यार्थियों ने मारी बाजी

**नांगल चौधरी।** शहबाजपुर में संचालित जय अम्बे मां उच्च विद्यालय का कक्षा 10वीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम शानदार रहा। विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर स्कूल व क्षेत्र का नाम रोशन किया। चेयरमैन पारस बंसल ने मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में निदेशक सुरेश बंसल मुख्य रूप से मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि विद्यालय में किस्मत ने 491 अंक प्राप्त कर प्रथम, किरण ने 489 अंक, पायल ने 485 अंक, कुमारी चेस्टा व निक्कू ने 481 अंक प्राप्त किए।

### केएल स्कूल की मुस्कान को मिले 493 अंक

**नांगल चौधरी।** शिक्षा बोर्ड के 10वीं के नतीजों में केएल मैमोरियल स्कूल इस्लामपुरा के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। छात्रा मुस्कान कुमारी ने 500 में से 493 अंक लेकर संस्था का गौरव बढ़ाया है। चयेरमैन सुभाषचंद ने मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। प्राचार्य राजबीर सिंह ने बताया कि विद्यालय की छात्रा मुस्कान अग्रवाल ने 99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। कुमारी कृति ने 98 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा, साक्षी कुमारी ने 97.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया।

### लंबोरिया स्कूल के विद्यार्थियों को 90 प्रतिशत से अधिक अंक

**नांगल चौधरी।** लंबोरिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल बूढ़वाल के 13 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक लेकर संस्था का गौरव बढ़ाया है। प्रबंधक निदेशक राजपाल लंबोरा ने मेधावी प्रतिभाओं को सम्मानित किया तथा प्रदर्शन में निखार लाने के लिए प्रेरित किया। परीक्षा में योगिता पुत्री कैलाशचंद ने 489 अंक लेकर स्कूल टॉप किया।

### संत ठाकुरदास स्कूल का शानदार प्रदर्शन

**नांगल चौधरी।** हरियाणा शिक्षा बोर्ड के परिणामों में संत ठाकुरदास सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करने के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूल चेयरमैन बस्तीराम ने विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने बताया कि परीक्षा में प्रवीण पुत्र जगमाल ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम, नितिन पुत्र मुकेश कुमार ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। साहिल यादव पुत्र कर्मवीर ने 95.4 प्रतिशत, पूजा पुत्री रामकिशन ने 94.4 प्रतिशत, रविंद्र पुत्र सतीश कुमार व संदीप पुत्र उमराव ने 94.2 प्रतिशत अंक हासिल किए।

### गुरुकुलम स्कूल का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट

**नांगल चौधरी।** हरियाणा शिक्षा बोर्ड की ओर से घोषित 10वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में गुरुकुलम सीनियर सेकेंडरी स्कूल का शानदार प्रदर्शन रहा है। शत प्रतिशत विद्युार्थियों ने सफलता हासिल करके संस्था का नाम रोशन किया। 53 ने 90 फीसदी से अधिक अंक हासिल किए हैं। चेयरमैन अभय सिंह गुर्जर ने मेधावी बच्चों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। प्राचार्या निर्मला ने बताया कि अंशु पुत्र रामकिशन ने 485 अंक प्राप्त कर प्रथम, युवराज पुत्र विक्रम सिंह ने 476 अंक, गुंजन पुत्री शीशराम ने 472, साहिल पुत्र राजेश ने 469, कुमारी मोना पुत्री हंसराज ने 465, वासुदेव पुत्र विक्रम ने 462 अंक प्राप्त किए।

### राव रामचंद्र स्कूल के छात्रों ने लहराया परचम

**कनीना।** सीबीएसई द्वारा घोषित 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में राव रामचंद्र मेमोरियल स्कूल का परिणाम शानदार रहा। स्कूल के विद्यार्थियों ने उच्च अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। परीक्षा में वंशिका पुत्री बलदेव स्कूल टॉपर रहीं। वंशिका ने 96.60 प्रतिशत अंक के साथ स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं कोमल पुत्री बिजेंद्र ने 94.20 अंक लेकर द्वितीय और अंतिम पुत्री सुनील ने 93.80 अंक के साथ तृतीय स्थान हासिल किया।

## आरपीएस के 12वीं के 153 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक लेकर रचा इतिहास

# स्वाति ने 99.6, ईप्शा ने 99.2, अक्षिता ने 99 व वनिशा ने 98.8% अंक प्राप्त किए

**आरपीएस संस्था विद्यार्थियों को उनके लक्ष्य तक पहुंचाने के लिए अपनी कड़ी मेहनत के बल पर सदा दृढ़ संकल्पित है**


महेंद्रगढ़। 12वीं कक्षा के घोषित नतीजों में आरपीएस संस्था की विद्यार्थी खुशी जाहिर करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

हाल ही में घोषित को सीबीएसई बोर्ड द्वारा 12वीं कक्षा के घोषित नतीजों में आरपीएस संस्था की विद्यार्थी स्वाति सिंह ने 99.6 प्रतिशत, ईप्शा डागा ने 99.2 प्रतिशत, अक्षिता धिमान ने 99 प्रतिशत, वनिश जैन ने 98.8 प्रतिशत, तन्नु ने 98.6 प्रतिशत, उमंग यादव ने 98.6 प्रतिशत, विशाल ने 98.4 प्रतिशत, अंकिता ने 98.4 प्रतिशत, भाविका सिंह, मीनाक्षी भाटी, हिमाक्षी व वान्या यादव ने 98.4 प्रतिशत, निकिता यादव ने 98.2 प्रतिशत, वृति ने 98 प्रतिशत अंक हासिल कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। आरपीएस के 458 विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में 100 में से 100 अंक हासिल कर सर्वश्रेष्ठता उदाहरण प्रस्तुत किया। आरपीएस समूह सीईओं इंजि. मनीष राव ने कहा कि गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी आरपीएस संस्था ने सांईस मेडिकल एवं नॉन मेडिकल कॉमर्स व हयूमेनिटिज में अपनी परंपरा व प्रतिष्ठा के अनुसार सर्वोत्तम परीक्षा परिणाम दिया है। आरपीएस स्कूल की स्वाति सिंह ने 99.6 प्रतिशत, ईप्सा डागा ने 99.2 प्रतिशत, अक्षिता धिमान ने 99 प्रतिशत, वनिषा जैन ने 98.8 प्रतिशत, तन्नु ने 98.6 प्रतिशत, उमंग यादव ने 98.6 प्रतिशत, विशाल ने 98.4 प्रतिशत, अंकिता ने 98.4 प्रतिशत, भाविका सिंह, मिनाक्षी भाटी, हिमाक्षी व वान्या यादव ने 98.4 प्रतिशत, निकिता यादव ने 98.2 प्रतिशत, वृति ने 98 प्रतिशत, नमन बंसल, गरिमा कालीरमन, रितिका रानी, वंशिका व चिराग यादव ने 97.8 प्रतिशत, धारवी यादव, अर्पित व सानवी शर्मा ने 97.6 प्रतिशत, वंशिका सोनी, बलकेश, समृधि सारा व साईस्मृति साहू ने 97.4 प्रतिशत, निहारिका यादव, ईशिका यादव, साहिल कुमार, वेदांशि बंसल, तनिश कुमार, भव्या सतिजा व निर्मल ने 97.2 प्रतिशत, औजस्वनी, निमिशा, महक व चिराग ने 97 प्रतिशत, वैभवी सुरैया, दिव्या व तिया ने 96.8 प्रतिशत, तन्नु, अनवी परासर, अभिजय गर्ग, कृतिका यादव, संस्कार शर्मा व वैभव महता ने 96.6 प्रतिशत, उषा, चेष्ठा, तनिषा, वान्या, लव्या रस्तोगी, निकिता यादव, पायल, सान्या गर्ग, व यश ने 96.4 प्रतिशत, श्रेया यादव, नेलिशा, कनिष्क, मुस्कान, काव्या राव, मनविंद्र अगस्तया, अनुशा गोयल, पूजा, अमन कुमार, आयुष कुमार, मयंक चाहर, अंतिम व प्रिया चौधरी ने 96.2 प्रतिशत, सावी बतरा, मनन जैन, जितिन यादव, यश कुमार, जतिन, दिपिका यादव, जतिन, आर्यन भारद्वाज, समिर व परिधि जैन ने 96 प्रतिशत अंक हासिल कर अपनी स्ट्रीम में बेमिसाल प्रदर्शन किया। वहीं इस बार के परीक्षा परिणाम में आरपीएस समूह के 6 विद्यार्थियों ने 99 प्रतिशत से भी अधिक, 22 विद्यार्थियों ने 98 प्रतिशत से भी अधिक, 46 विद्यार्थियों ने 97 प्रतिशत से भी अधिक, 98 विद्यार्थियों ने 96 प्रतिशत से भी अधिक और 153 विद्यार्थियों ने 95 से भी अधिक प्रतिशत अंक हासिल किए। आरपीएस ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओं इंजी. मनीष राव, डिप्टी सीईओ कुनाल राव ने कहा कि आरपीएस संस्था विद्यार्थियों को उनके लक्ष्य तक पहुंचाने के लिए अपनी कड़ी मेहनत के बल पर सदा दृढ़ संकल्पित है।


महेंद्रगढ़। खुशी जाहिर करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## विजय इंटरनेशनल की दिव्या बनी विद्यालय टॉपर

**महेंद्रगढ़।** विजय इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर न केवल विद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में हर्ष और उत्साह का माहौल छा गया। विद्यालय की छात्रा दिव्या पुत्री लाल चंद ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉप किया है। प्राचार्य नत्थू सिंह ने बताया कि विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। 27 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान बनाया। मेरिट के अलावा बाकि सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। विद्यालय चेयरमैन विजय यादव टूमना ने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई दी। सचिव महेंद्र सिंह ने कहा कि सफलता का यह पड़ाव आपके सुनहरे भविष्य की शुरुआत है। मेहनत करते रहें। इस अवसर पर वाइस प्रिंसिपल अशोक कासनी, समस्त अध्यापक, विद्यार्थी, उनके माता-पिता समेत क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे और बच्चों का हौसला बढ़ाया।



### राव सुल्तान सिंह का शत-प्रतिशत रहा दसवीं का परिणाम

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिसमें राव सुल्तान सिंह स्कूल निम्बेहड़ा का परिणाम शत प्रतिशत रहा। सविन पुत्री उमेश सिंह ढाढ़ोत 486 अंक लेकर प्रथम, दिव्या पुत्र विनोद कुमार देवराली व प्रिया पुत्री बिजेंद्र कुमार दुलोठ अहीर ने 477 अंक के साथ द्वितीय व ज्योति पुत्री महिपाल खैरोली 475 अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। संस्था प्राचार्य राजकुमार शर्मा, संस्था निदेशक एडवोकेट सतपाल यादव ने सभी अध्यापक, बच्चों व अभिभावकों को शुभकामना दीं। इस अवसर पर उप प्राचार्य रामकुमार, चेयरपर्सन सुषमा यादव, किड्स हैड स्नेहलता, कर्ण सिंह निम्बल व समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### यदुवंशी संस्था का परीक्षा परिणाम रहा सराहनीय



**महेंद्रगढ़।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 12वीं कक्षा के परिणाम में यदुवंशी के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय एवं जिले का नाम रोशन किया। परिणाम घोषित होने के बाद विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल रहा। टॉपर्स विद्यार्थियों में भारती यादव पुत्री अशोक कुमार ने 98.4 प्रतिशत पाकर प्रथम, नीतू पुत्री अजय सिंह 97.8 प्रतिशत द्वितीय, रिया पुत्री विक्रम 97.6 प्रतिशत पाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं 95 प्रतिशत से अधिक विद्यार्थियों की संख्या 60 रही। 90 प्रतिशत से अधिक 197 और मेरिट लिस्ट में 547 विद्यार्थियों का नाम रहा।



### बीजेआरडी का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 10वीं का परीक्षा परिणाम बीजेआरडडी स्कूल में शत प्रतिशत रहा। पीआरओ बिजेंद्र सिंह ने बताया कि इस बार विद्यालय के कुल 41 बच्चों ने बोर्ड परीक्षा दी थी। सभी छात्र छात्राएं उत्तीर्ण हुए। विद्यालय के छात्र तुषार ने 97 प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय में प्रथम, साहिल एवं महक ने 96 अंक प्राप्त कर दूसरे व ऋतु बाई ने 95 अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय निदेशक राजपाल यादव ने कहा कि ये बेहतर परीक्षा परिणाम बच्चों की कठोर एवं पूरे मनोयोग से की गई पढ़ाई से संभव हो पाया है।

## 12वीं में सूरज स्कूल का शानदार प्रदर्शन

■ जान्हवी 98 .2 प्रतिशत अंक के साथ रही विद्यालय टॉपर

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़


जान्हवी


रिया

सीबीएसई द्वारा घोषित 12वीं के परीक्षा परिणाम में सूरज स्कूल के विद्यार्थियों ने असीम सफलता प्राप्त की व पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ते हुए नए शिखर को छुआ। सूरज स्कूल निदेशक संदीप प्रसाद ने बताया कि इस परीक्षा परिणाम में होनहार छात्रा जान्हवी पुत्री सोहन लाल ने 98.20 प्रतिशत अंक के साथ कला संकाय में सूरज स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं इसी संकाय में खुशी पुत्री हरबीर सिंह ने 97.0 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय एवं रितु यादव पुत्री रविंद्र कुमार ने 96.2 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इसी कड़ी में नॉन मेडिकल संकाय में रिया गुप्ता पुत्री हनुमान प्रसाद गुप्ता ने 98.0 प्रतिशत अंक साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं इसी संकाय की छात्र प्रिंस कुमार पुत्र अनिल कुमार ने 96.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय एवं छात्रा खुशी पुत्री राजकुमार 95.2 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान पर रही। कॉमर्स संकाय में विद्यालय की छात्र याचिका राव पुत्री मुकेश कुमार ने 97.4 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया, इसी संकाय में विद्यालय के छात्र लक्ष्य कुमार पुत्र विपिन कुमार ने 97.2 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान एवं छात्रा दिशा पुत्री अशोक कुमार व गौरव कुमार पुत्र योगेश ने 96.6 प्रतिशत अंक हासिल कर संयुक्त रूप से तृतीय स्थान हासिल किया।

निदेशक संदीप प्रसाद ने बताया कि 10वीं व 12वीं सीबीएसई की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करते हुए नए कीर्तिमान स्थापित किए।

## बीएनडी स्कूल खातोदड़ा ने फिर लहराया परचम



**महेंद्रगढ़।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 10वीं के परीक्षा परिणाम में बीएनडी स्कूल खातोदड़ा ने शानदार उपलब्धि हासिल की हैं। मैनेजिंग डायरेक्टर अमित यादव ने बताया कि विद्यालय की होनहार छात्रा आकांक्षा ने 500 में से 495 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया और अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इसके साथ ही विद्यालय के 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले नौ विद्यार्थी, 90 से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 24 विद्यार्थी, 85 से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 39 विद्यार्थी, 80 से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 54 विद्यार्थी तथा 75 से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 62 विद्यार्थी रहे। संस्था चेयरमैन विजयपाल यादव, प्राचार्य हनुमंत शर्मा, डायरेक्टर पूनम यादव, वाइस प्रिंसिपल दिनेश कुमार, एचओडी विकास, पीजीटी हेड अरविंद, पीआरओ राकेश यादव, प्राइमरी हेड मंजू यादव, पीआरटी हेड बिनिता यादव, अकादमिक हेड डॉ. संदीप भारद्वाज सहित समस्त स्टाफ सदस्य मौजूद रहे। चेयरमैन विजयपाल ने कहा कि बीएनडी स्कूल लगातार इस क्षेत्र को टॉपर विद्यार्थी देता आ रहा है और बीते कई वर्षों से विद्यालय हर वर्ष उत्कृष्ट परिणाम देकर शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाई स्थापित कर रहा है।



### एसडी स्कूल के विद्यार्थियों का ऐतिहासिक प्रदर्शन

**कनीना।** सीबीएसई 12वीं कक्षा के वार्षिक परीक्षा परिणाम में एसडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ककराला के विद्यार्थियों ने सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। विद्यालय के 151 विद्यार्थियों ने बोर्ड की मेधावी सूची में स्थान बनाकर न केवल संस्थान, बल्कि अपने अभिभावकों व पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। प्रधानाचार्या डॉ. शिप्रा सारस्वत ने बताया कि संगीत विषय में 100 अंक, अंग्रेजी व रसायन विज्ञान में 99 अंक, हिंदी, गणित व इतिहास में 98 अंक, व्यवसाय अध्ययन व जीव विज्ञान में 97 अंक, लेखाशास्त्र व शारीरिक शिक्षा में 96 अंक हासिल किए है।



### ज्ञानकोष-ए-ग्लोबल का परीक्षा परिणाम शानदार

**महेंद्रगढ़।** खरकड़ा आकोदा स्थित ज्ञानकोष-ए ग्लोबल स्कूल का हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जिससे विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल है। सीईओ राकेश कुमार ने सभी विद्यार्थियों, अध्यापकों एवं अभिभावकों को बधाई देते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्राचार्य रामनिवास ने बताया कि दसवीं कक्षा में 21 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। सभी विद्यार्थियों ने 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, जो विद्यालय के लिए गर्व की बात है।


महेंद्रगढ़। खुशी से उछलते बीआर के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## बीआर स्कूल का शानदार प्रदर्शन

**महेंद्रगढ़।** बारहवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में बीआर आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेहलंग के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया। विद्यालय की छात्रा अंशु पुत्री उदयभान ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, गोपाल पुत्र अनिल तथा ऊषा पुत्री मोजीराम ने 89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय, कशिश पुत्री अशोक ने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय, अमन पुत्र रामनिवास ने 87 अंक प्राप्त कर चतुर्थ तथा पलक पुत्री कंवरपाल ने 86.2 अंक प्राप्त कर पंचम स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिनमें प्रिंस पुत्र बिजेंद्र ने 86 प्रतिशत, प्रिया पुत्री मनोज तथा अजय पुत्र विक्रम ने 84, सुमित पुत्र सुधीर तथा हिमांशु पुत्र बाबूलाल ने 83.2, निकिता पुत्री अमरजीत ने 83, दीक्षिका पुत्री राजकुमार ने 81.4, सोनल पुत्री संजय ने 81, कोमल पुत्री धर्मवीर तथा प्रिंस पुत्र चंद्रभान ने 80.2, जबकि रितु पुत्री मदन सिंह तथा रेणुका पुत्री जयप्रकाश ने 80 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

### राव जयराम स्कूल का 12वीं परिणाम रहा शानदार

**महेंद्रगढ़।** अटेली रोड स्थित राव जयराम सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने कक्षा 12वीं के घोषित परीक्षा परिणाम में विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर उच्च अंक प्राप्त किए। विद्यालय के विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर सफलता प्राप्त की हैं। विद्यालय की छात्रा अल्का पुत्री शुभराम ने 95.8 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम, छात्र सौरभ पुत्र रामकिशन ने 94.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा तथा प्रीतम पुत्र शीशपाल ने 92.4 प्रतिशत अंक अर्जित कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। 10 से ज्यादा बच्चों ने संगीत शिक्षा में 100 में से 100 अंक प्राप्त करके स्कूल का नाम रोशन किया हैं। इन सभी विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत, लगन और अनुशासन के बल पर यह उपलब्धि हासिल की है। चेयरमैन डॉ. हरिसिंह यादव ने कहा कि यह परिणाम विद्यालय की गुणवत्ता और शिक्षा के स्तर को दर्शाता है।


महेंद्रगढ़। खुशी जाहिर करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## अरावली स्कूल का परीक्षा परिणाम शानदार

**महेंद्रगढ़।** सीबीएसई द्वारा बारहवीं कक्षा का परिणाम घोषित किया गया। घोषित परिणाम में अरावली इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। सीईओ महेश यादव व प्राचार्य शक्ति सिंह ने बताया की विद्यालय के सीबीएसई  के परिणाम के साथ 28 विद्यार्थियों ने बोर्ड की मेधावी सूची मे अपना नाम दर्ज करवाया। अरावली स्कूल के बारहवीं के परीक्षा परिणाम में छात्रा यशिका पुत्री सुनिल मालडा ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया व छात्र तनिश पुत्र धर्मवीर मालडा ने 93 प्रतिशत अंक, जतिन पुत्र सतपाल नांगल सिरोही ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान हासिल किया तथा निशांत खेडकी ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान हासिल कर तथा विषयवार शगुन ने संगीत विषय में 100, हेमंत ने राजनितिक विज्ञान में 99 और सुषमा ने कैमिस्टी में 98, जतिन ने भूगोल में 97, यशिका ने बॉयो में 96 अंक हासिल किए। इसके अलावा दस विद्यार्थियों ने 90  प्रतिशत से अधिक अंक लिए।



### आरआरसीएम की छात्रा चेतना ने पाए 94 प्रतिशत अंक

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा 10वीं का परिणाम घोषित किया गया, जिसमें आरआरसीएम स्कूल माजरा कलां के विद्यार्थियों ने अपने क्षेत्र के सपनों को साकार करते हुए निरंतर आगे बढ़ने की प्रक्रिया को कायम रखा। प्रधानाचार्य सत्यवीर सिंह ने बताया कि हमारे विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जिसमें चेतना यादव पुत्री बिजेंद्र कुमार माजरा कलां ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त करके अपने विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस क्रम में तेजश्वनी पुत्री विनोद कुमार बवाना व जीगर पुत्र श्री सुरेंद्र प्रकाश माजरा कलां ने क्रमश विद्यालय स्तर पर द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### लॉर्ड कृष्णा स्कूल सिहमा का शानदार प्रदर्शन

**नारनौल।** लॉर्ड कृष्णा पब्लिक स्कूल सिहमा के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया। रेखा पुत्री करण सिंह ने हिंदी विषय में 100 अंक प्राप्त किए। सीबीएसई 12वीं परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा है। प्रिंसिपल संदीप ने बताया कि विज्ञान संकाय में मुस्कान पुत्री सुधीर डेरोली अहीर ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट सफलता हासिल की। वाणिज्य संकाय में वंशिका पुत्री विकास नांगल सिरोही ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर बेहतरीन प्रदर्शन किया।


नारनौल। विद्या भारती स्कूल के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## विद्या भारती स्कूल का परीक्षा परिणाम शत–प्रतिशत

**नारनौल।** विद्या भारती पब्लिक स्कूल निजामपुर का सीबीएसई की ओर से घोषित 12वीं कक्षा का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। जिससे विद्यालय में हर्षोल्लास रहा। प्राचार्य अजीत सिंह ने बताया कि 30 विद्यार्थियों ने मेरिट में स्थान प्राप्त करके अपना परचम लहराया। जिसमें आशा पुत्री राजेश ने कला संकाय, सोनू पुत्र रोहताश ने विज्ञान संकाय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्र नीतिश सिंह ने हिन्दी में 100 में से 100, भूगोल में आशा व विशाल ने 96, दिव्याना सोनी ने संगीत में 98 व उमंग ने शारीरिक शिक्षा में 96 अंक प्राप्त किए। चेयरमैन एडवोकेट राजकुमार यादव व चेयरपर्सन डॉ. उषा यादव ने विद्यार्थियों की सफलता पर खुशी व्यक्त की तथा उनका फूलमालाओं से स्वागत किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक एडवोकेट पीयूष यादव, प्रबंधक निदेशिका डॉ. रविन्द्रा यादव, उप प्राचार्य प्रवीण कुमार शर्मा ने सभी को बधाई दी।

### मॉडर्न स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत

**महेंद्रगढ़।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड नई दिल्ली द्वारा 12वीं कक्षा का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिसमें मॉडर्न स्कूल भोजावास की कक्षा 12वीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। प्राचार्य अनिल कुमार ने बताया कि स्कूल के 39 विद्यार्थियों ने कक्षा 12वीं परीक्षा दी थीं, जिसमें से एक विद्यार्थी ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। इसी प्रकार 13 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक, 31 विद्यार्थियों ने 70 से अधिक अंक प्राप्त किए। इसी प्रकार 39 विद्यार्थियों ने 65 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। देव पुत्र रामनिवास वाणिज्य संकाय से 91.2 प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय में प्रथम स्थान पर रहा। अलीशा पुत्री रविंद्र कुमार विज्ञान संकाय से 89.4 प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय में दूसरे स्थान पर रही। इसी प्रकार मोहित पुत्र श्योराज वाणिज्य संकाय से 87 प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय में तीसरे स्थान पर रहा।


सतनाली मंडी। विद्यार्थियों के साथ प्राचार्य व स्टाफ। फोटो : हरिभूमि

## सीबीएसई परीक्षा में पीआरएस स्कूल का बेहतर प्रदर्शन

**सतनाली मंडी।** सीबीएसई की ओर से घोषित कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणामों में कस्बे के पीआरएस इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार सफलता प्राप्त की है। प्राचार्य संदीप शर्मा ने बताया कि स्कूल के 162 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें से बड़ी संख्या में छात्रों ने उल्लेखनीय अंक प्राप्त किए। उन्होंने बताया कि 21 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक, 83 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर स्कूल का नाम रोशन किया। छात्रा निशु पुत्री बिजेंद्र सिंह ने 95.40 प्रतिशत प्राप्त कर स्कूल में प्रथम, सुप्रिया पुत्री नवीन कुमार ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय, सोनिया पुत्री वीरेंद्र सिंह ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। चेयरमैन अमरनाथ सुरोलिया ने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों व शिक्षकों को बधाई दी।

### नेशनल मॉडल स्कूल का परीक्षा परिणाम सराहनीय

**महेंद्रगढ़।** हर वर्ष की भांति इस बार भी नेशनल स्कूल का परिणाम रहा श्रेष्ठ रहा। विद्यालय प्राचार्य ओमप्रकाश यादव ने बताया की विद्यालय के छात्र दीपांशु ने 500 में से 486 अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर छात्रा अनुजा रहीं, जिसने 500 में से 471 अंक प्राप्त किए, तीसरे स्थान पर छात्रा पायल रहीं, जिसने 500 में से 457 अंक प्राप्त किए। सभी विद्यार्थी मेरिट से पास हुए। विद्यालय चेयरमैन प्रमोद शास्त्री ने इस सर्वश्रेष्ठ परीक्षा परिणाम के लिए विद्यालय के प्राचार्य स्टाफ सदस्यों विद्यार्थियों वी अभिभावकों को शुभकामनाएं दी।

**सार्वजनिक सूचना**

मै सुशीला देवी पत्नी करन सिंह वासी वार्ड नं. 14 कनीना तहसील कनीना जिला महेंद्रगढ हरियाणा बयान करती हूं कि मेरे पति के आर्मी रिकार्ड में मेरी पुत्री का नाम सुनिता व जन्म तिथि 25.01.1986 लिखी गई जो कि गलत है। उसके सभी दस्तावेजों अनुसार उसका सही नाम मोनिका व जन्म तिथि 05.01.1986 है। नियमानुसार ठीक करें।

**PUBLIC NOTICE**

I Preeti Goyal D/o Sanjay Goyal R/o H.No. 201/3 Gali No. 5 Mohalla Railway Road W. No. 5 Narnaul Distt. Mahendergarh Haryana declare that my name is wroungly mentioned as Preeti in my Adhar Card. My correct Name is Preeti Goyal. neces-sary correction as per for all future purposes.

# तपती धूप में थाली बजाकर सरकार पर जमकर गरजे पालिका कर्मचारी, शहर में किया विरोध-प्रदर्शन

14वें दिन भी नहीं झुके नप कर्मचारी, सरकार पर वादाखिलाफी का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर चल रही काम छोड़ हड़ताल बुधवार को 14वें दिन और अधिक उग्र रूप में दिखाई दी। नगर पालिका कर्मचारी संघ इकाई नारनौल के बैनर तले जिलेभर की पालिकाओं के कर्मचारी एकजुट होकर सड़कों पर उतर आए। तपती धूप के बीच कर्मचारियों ने थालियां बजाकर और जोरदार नारेबाजी करते हुए नगर परिषद से महावीर चौक होते हुए लघु सचिवालय तक विशाल प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान शहर की सड़कों पर कर्मचारियों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। गौर करने वाली बात यह रही कि आंदोलनकारी कर्मचारियों ने धरनास्थल पर ही दोपहर का भोजन तैयार किया।

आंदोलन की अध्यक्षता इकाई प्रधान भूपेंद्र सिंह सारवान ने की। इस दौरान महेंद्रगढ़, कनीना, अटेली और नांगल चौधरी सहित जिले की विभिन्न नगर पालिकाओं से सफाई कर्मचारी और फायर ब्रिगेड कर्मचारी बड़ी संख्या में नारनौल पहुंचे। कर्मचारियों ने सरकार पर लगातार कर्मचारी विरोधी नीतियां लागू करने और लंबे समय से लंबित मांगों की अनदेखी करने का आरोप लगाया।

### विभिन्न कर्मचारी संगठनों ने दिया समर्थन

आंदोलन को सर्व कर्मचारी संघ, सीटू, आशा वर्कर यूनियन, सड़क कर्मचारी संघ, पब्लिक हेल्थ ब्रांच, ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ और फायर कर्मचारी संगठनों ने भी खुला समर्थन दिया। इस दौरान सर्व कर्मचारी संघ के राज्य सचिव महेंद्र बोयत, जिला प्रधान कौशल कुमार यादव, सीटू जिला प्रधान हरिराम गुर्जर, आशा वर्कर जिला प्रधान सुशील, सीटू सहसंयोजक संतोष देवी, सड़क कर्मचारी संघ ब्लॉक महेंद्रगढ़ प्रधान संजय, पब्लिक हेल्थ ब्रांच प्रधान राजेंद्र, कामरेड सचिव अनिल, ग्रामीण सफाई कर्मचारी प्रधान बसंत कुमार फौजी तथा फायर कर्मचारी संघ महेंद्रगढ़ प्रधान रामसिंह सहित अनेक नेताओं ने कर्मचारियों को संबोधित किया।



नारनौल। थाली बजाकर प्रदर्शन करते कर्मचारी।

### आर-पार की लड़ाई के लिए तैयार

सभा के अंत में कर्मचारी नेताओं ने कहा कि यदि सरकार ने शीघ्र समाधान नहीं किया तो प्रदेशभर में आंदोलन को और व्यापक बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि कर्मचारी अब आर-पार की लड़ाई के लिए तैयार हैं और अपने अधिकार लेकर ही दम लेंगे।

**इन्होंने लिया भाग:** प्रदर्शन में नगर पालिका इकाई नारनौल के कोषाध्यक्ष मनोज बोयत, पूर्णचंद, मनोज कुमार, सीता देवी, निरंजन लाल, कृष्ण कुमार, सुनील कुमार, दिनेश कुमार, रमेश कुमार, राजेश कुमार, हरिओम, रविकांत, प्रदीप, मनोज, आशीष, आकाश, लीलाराम, अशोक, आशु, लखन, नीरज, दीपक, रमन, राजा, नत्थू, मंजू देवी, पूनम देवी, सुनीता, ममता, बबली, मीनू, मोनिका व सोनिया समेत बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।

### थालियां बजाकर जताया विरोध, शहर में गूंजे नारे

नगर परिषद परिसर से शुरू हुआ प्रदर्शन महावीर चौक, डीसी कोठी मार्ग और मुख्य बाजारों से गुजरता हुआ लघु सचिवालय तक पहुंचा। कर्मचारियों ने हाथों में झंडे और बैनर लेकर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कई कर्मचारियों ने थालियां बजाकर अपना विरोध जताया। तपती गर्मी के बावजूद कर्मचारियों का उत्साह देखते ही बन रहा था। प्रदर्शन के दौरान 'कर्मचारी एकता जिंदाबाद', 'सरकार होश में आओ' और 'हमारी मांगें पूरी करो' जैसे नारों से पूरा शहर गूंज उठा। प्रदर्शन में महिला कर्मचारियों की भागीदारी भी उल्लेखनीय रही। महिला कर्मचारियों ने कहा कि सरकार उनकी समस्याओं की लगातार अनदेखी कर रही है, जबकि वे वर्षों से बेहद कठिन परिस्थितियों में काम कर रही हैं।

### आरोप: सरकार बातचीत के नाम पर समय काट रही

प्रदर्शन को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने आरोप लगाया कि सरकार नगर पालिका कर्मचारियों की जायज मांगों को लेकर गंभीर नहीं है। उन्होंने कहा कि 13 मई को चंडीगढ़ स्थित हरियाणा भवन में राज्य यूनियन और सरकार के बीच वार्ता हुई थी, लेकिन उसमें कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया। इससे कर्मचारियों में भारी रोष है। नेताओं ने कहा कि आज रोहतक कर्मचारी भवन में प्रदेशभर के प्रधानों और सचिवों की महत्वपूर्ण बैठक बुलाई गई है, जिसमें आंदोलन को लेकर निर्णायक फैसला लिया जाएगा। यदि सरकार ने जल्द समाधान नहीं किया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। कर्मचारियों ने चेतावनी देते हुए कहा कि अब केवल आश्वासनों से काम नहीं चलेगा। जब तक मांगें पूरी नहीं होंगी, तब तक हड़ताल जारी रहेगी।

## खबर संक्षेप

### सैनी सभा की वार्षिक आम बैठक आज

**नारनौल।** शहर की अग्रणी सामाजिक संस्था की वार्षिक आम बैठक 15 मई दोपहर साढ़े तीन बजे सैनी धर्मशाला के सभागार में आयोजित की जाएगी। सभा के महासचिव निहाल सिंह सैनी ने बताया कि बैठक में वर्ष 2025-26 का आय-व्यय एवं लेखा-जोखा सभा के आजीवन सदस्यों, कोलेजियम सदस्यों व समाज के गणमान्य लोगों के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

### रोहिल्ला टांक क्षत्रिय समाज की बैठक 17 को

**नारनौल।** रोहिल्ला टांक क्षत्रिय समाज के राष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तावित महासम्मेलन की तैयारियों को गति देने के उद्देश्य से 17 मई को श्री नामदेव धर्मशाला एवं छात्रावास पुरानी सराय में बैठक आयोजित की जाएगी। यह जानकारी नामदेव समाज समिति एवं चैरिटेबल ट्रस्ट के संरक्षक सुभाष चंद्र वर्मा ने दी।

### अटेली मंडी में श्रीमद्भागवत कथा 21 से

**मंडी अटेली।** पुरुषोत्तम अधिक मास के शुभ मौके पर अटेली मंडी के ताजपुरिया धर्मशाला में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। यह धार्मिक आयोजन 21 मई से शुरू होकर 28 मई तक चलेगा, जिसमें श्रद्धालुओं को भक्ति और ज्ञान की अमृत वर्षा का लाभ मिलेगा। कथा का शुभारंभ 21 मई को सुबह सवा नौ बजे भव्य कलश यात्रा के साथ होगा, जो श्रीराधाकृष्ण मंदिर से प्रारंभ की जाएगी। आचार्य राधावल्लभ महाराज द्वारा किया जाएगा।

सीआईए की कामयाबी : बड़ी वारदात की फिराक में थे बदमाश

# पुलिस मुठभेड़ में संजय कालबा घायल, दो साथियों सहित गिरफ्तार

» पुलिस ने मुठभेड़ के बाद भारी मात्रा में अवैध हथियारों के साथ दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

पुलिस टीम को एक बहुत बड़ी कामयाबी मिली है। टीम ने हत्या सहित अन्य मामलों में वांछित व काफी दिनों से फरार चल रहे आरोपित संजय वासी कालबा को एक पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। इसके साथ ही उसके दो अन्य साथियों को भी भारी मात्रा में अवैध हथियारों के साथ दबोचने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने इस कार्रवाई से क्षेत्र में होने वाली एक बड़ी आपराधिक वारदात को टाल दिया है।

13 मई की रात सीआईए टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि नांगल चौधरी क्षेत्र में एक व्यक्ति की हत्या के मामले में फरार आरोपित संजय अपने दो साथियों घनश्याम निवासी गोपालपुरा राजस्थान व आदित्य निवासी अकबरपुर के साथ गाड़ी में किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहा है। इस सूचना को गंभीरता से लेते हुए सीआईए इंचार्ज ने तुरंत दो विशेष टीमों का गठन किया और रेवाड़ी रोड से नांगल चौधरी जाने वाले पुल के नीचे तथा अन्य मुख्य मार्गों पर सख्त नाकाबंदी कर दी गई। रात करीब 11:25 बजे एक तेज रफ्तार गाड़ी नाके की तरफ आती दिखाई दी। जब पुलिस कर्मचारियों ने उसे :कने का इशारा किया] तो चालक ने गाड़ी रोकने के बजाय पुलिस कर्मियों पर चढ़ाने का प्रयास किया और कट मारते हुए शहर की तरफ भाग निकले।



नारनौल। पुलिस गिरफ्त में आरोपित। फोटो: हरिभूमि

### अवैध हथियार पर कारतूस बरामद

पुलिस प्रवक्ता सुमित कुमार ने बताया कि तलाशी के दौरान घायल आरोपित संजय के पास से एक पिस्तौल व दो जिंदा कारतूस सहित मैगजीन बरामद हुई। वहीं पकड़े गए अन्य आरोपितों व उनकी गाड़ी की तलाशी लेने पर एक डोगा व सात कारतूस बरामद किए गए हैं। घटना के तुरंत बाद पुलिस ने घायल संजय को प्राथमिक उपचार देते हुए इलाज के लिए नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया।

पुलिस टीम ने तुरंत सरकारी गाड़ी से उनका पीछा किया। नीरपुर बस स्टैंड के पास भी आरोपितों ने पुलिस की गाड़ी को टक्कर मारने की कोशिश की। इसके बाद आरोपित अपनी गाड़ी को भगाते हुए चिंकारा फॉरेस्ट के साथ लगते जंगली इलाके की तरफ ले गए।

### पुलिस पर की फायरिंग

रास्ते की सही जानकारी न होने के कारण जब पुलिस की गाड़ी ने उन्हें ओवरटेक करके रोका, तो तीनों आरोपित गाड़ी से बाहर निकले और पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से सीधी फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने बचाव करते हुए पहले उन्हें चेतावनी दी और अपनी सर्विस पिस्तौल से हवाई फायर किए, लेकिन जब आरोपित फायरिंग करते हुए भागने लगे तो पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की। इस जवाबी फायरिंग में भाग रहे आरोपित संजय के दाहिने पैर में गोली लगी और वह घायल होकर गिर पड़ा। इसी बीच पुलिस टीम के अन्य सदस्यों ने अपनी जान की परवाह न करते हुए घेराबंदी कर उसके दोनों साथियों घनश्याम व आदित्य को भी मौके पर ही काबू कर लिया।

### संजय पर 13 मामले दर्ज

पुलिस रिकॉर्ड की जांच करने पर सामने आया है कि आरोपित संजय आदतन अपराधी है। उसके आपराधिक इतिहास के अनुसार उस पर पहले से ही हरियाणा व राजस्थान के अलग अलग थानों में कुल 13 संगीन मामले दर्ज हैं। आरोपित पर हत्या के प्रयास, अवैध हथियार रखने, मारपीट, डराने धमकाने और अन्य गंभीर आपराधिक धाराओं के तहत ये मामले दर्ज हैं।

### पुलिस ने जुटाए साक्ष्य

पुलिस ने मौके पर सीन ऑफ क्राइम टीम को बुलाकर साक्ष्य जुटाए हैं और सभी आरोपितों के खिलाफ पुलिस पर जानलेवा हमला करने, सरकारी ड्यूटी में बाधा डालने तथा आर्म्स एक्ट सहित विभिन्न गंभीर धाराओं में नया मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस की ओर से मामले में आगे की सघन पूछताछ व कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

## खबर संक्षेप



नारनौल। सरस्वती स्कूल के विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

### सरस्वती बाल मंदिर की छात्रा रिधिमा प्रथम

**नारनौल।** सरस्वती बाल मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पुल बाजार कक्षा 10वीं की छात्रा ने फिर परचम लहराया है। विद्यालय की छात्रा रिधिमा पुत्री महेश कुमार ने सर्वाधिक 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त करके पूरे विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया और विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय का परीक्षा परिणाम इस बार भी शत प्रतिशत रहा। विद्यालय के चेयरमैन मुकेश शर्मा, प्राचार्या क्षमा पाण्डेय व लोकेश शर्मा ने उनकी सफलता पर बधाई दी और भविष्य में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी तथा छात्रों की इस सफलता के लिए उन्होंने शिक्षको व छात्रों का भी आभार व्यक्त किया। यह विद्यालय की शिक्षा व गुणवत्ता की पुष्टि करता है।



नारनौल। बीकेएन स्कूल के विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

### बीकेएन सिहमा का 10वीं का परिणाम शानदार

**नारनौल।** बीकेएन स्कूल सिहमा का 10वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। जिसमें मुस्कान पुत्री नरेश खासपुर व रौनक पुत्री शिव कुमार खासपुर दोनों 489-489 अंक लेकर विद्यालय में प्रथम स्थान पर रही। साक्षी पुत्री इंद्रजीत डेरौली अहीर ने 484 अंक लेकर विद्यालय में दूसरा स्थान, भूमि पुत्री पवन कुमार सिहमा ने 480 अंक लेकर विद्यालय में तीसरा, पायल पुत्री सत्यनारायण खासपुर ने 477 अंक लेकर चौथा स्थान प्राप्त किया। कुल 49 विद्यार्थियों में से 31 विद्यार्थियों ने मेधावी सूची में अपना नाम दर्ज करवाया। बाकी 18 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं।



नारनौल। डीएवी स्कूल के विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

### परीक्षा में डीएवी स्कूल ने लहराया परचम

**नारनौल।** सीबीएसई की ओर से कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी एमएलएस डीएवी का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा। वाणिज्य संकाय के वैभव संघी ने 98.6 प्रतिशत, नॉन मेडिकल के ध्रुव वर्मा ने 94.2 प्रतिशत, कला वर्ग की खनक जैन ने 94.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। अंग्रेजी विषय में कशिश 100 अंक, अकाउंटेंसी व अर्थशास्त्र में वैभव संघी 100 अंक, भौतिकी ध्रुव वर्मा 96 व मुकुल गोयल 95 अंक, गणित दीपांशु व मुकुल गोयल 97 अंक, जीव विज्ञान साक्षी 92 अंक, बिजनेस वैभव संघी 99 अंक, इतिहास गुरसिमर 99 अंक, राजनीति विज्ञान कशिश व मुस्कान 94 अंक, भूगोल लावण्या शर्मा 98 अंक, हिंदी खुशबू 98 अंक, संगीत विषय में एंजल, खुशी, नेहा, साक्षी, दिया, नीतिका यादव, पूजा, रितिका, योगेश, लक्ष्मी, वंशु व वैभव ने 100 में से 100 अंक हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। प्राचार्य राजेश कुमार ने विद्यार्थियों की इस शानदार सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की।

### राव नेतराम स्कूल का परिणाम बेहतर



जिज्ञासा खुशबू

**नारनौल।** बुधवार को सीबीएसई की ओर से घोषित 12वीं के परीक्षा परिणाम में राव नेतराम पब्लिक स्कूल सलीमपुर का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्या अनिता देवी ने विद्यार्थियों, अभिभावकों तथा स्टाफ को बधाई देते हुए बताया कि 115 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी, जिसमें 40 ने मेरिट सूची में नाम दर्ज करवाया। जिज्ञासा पुत्री नीरज गिरधरपुर ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, खुशबू पुत्री नेमीचन्द्र रामपुरा ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय, परिनिता पुत्री नरेश सलीमपुर ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

***ऐशली स्कूल अटेली का परिणाम सराहनीय:*** नारनौल। ऐशली पब्लिक स्कूल अटेली मण्डी ने सीबीएसई बोर्ड की ओर से कक्षा 12वीं के घोषित परिणाम में हर बार की तरह परीक्षा परिणाम सहरानीय रहा। कुल 56 बच्चों में से 34 बच्चों ने मेरिट हासिल की। पांच बच्चें 90 प्रतिशत से अधिक तथा कोई भी बच्चा अनुत्तीर्ण नहीं है। खुशबू पुत्री सतपाल पृथ्वीपुरा ने 95.0 प्रतिशत अंक हासिल करके विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। बरखा पुत्री सुनील अटेली मण्डी ने 93.4 प्रतिशत अंक हासिल करके दूसरा, ईशु पुत्र सुनील कुमार खेड़ी ने 91.2 प्रतिशत अंक हासिल करके विद्यालय में तीसरा स्थान प्राप्त किया।

## दक्षिण हरियाणा की राजनीति में राव इंद्रजीत का कोई सानी नहीं : सेकवाल



नारनौल। रेवाड़ी के वार्ड नं. 10 में विजय रहे पार्षद निहाल यादव को बधाई देते मनोज सेकवाल। फोटो: हरिभूमि

**नारनौल।** दक्षिण हरियाणा की राजनीति में एक बार फिर यह स्पष्ट हो गया है कि भाजपा के दिग्गज नेता केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह का कोई विकल्प नहीं है। दक्षिण हरियाणा के सियासी मैदान में राव के कद के बराबर आज कोई दूसरा नेता खड़ा नहीं है। हालिया घटनाक्रमों और चुनावी सरगर्मियों के बीच समर्थकों में भारी जोश देखा जा रहा है।

यह बात राव इंद्रजीत सिंह समर्थक युवा नेता मनोज सेकवाल ने बुधवार प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कही। उन्होंने कहा कि धारूहेड़ा व रेवाड़ी की जीत का सर्वाधिक श्रेय राव इंद्रजीत सिंह व स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव को जाता है। जिस तरह से राव इंद्रजीत सिंह की उम्र बढ़ रही है उनकी राजनीतिक सक्रियता और ऊर्जा में उतनी ही जवानी और पैनापन आ रहा है। वे न केवल भाजपा के एक मजबूत स्तंभ है बल्कि जनता की भलाई और क्षेत्र के विकास के लिए हमेशा तत्पर रहते है।राव इंद्रजीत सिंह के विजय अभियान को सफल बनाने के लिए समर्थकों और भाजपा कार्यकर्ताओं की पूरी टीम ने जी-जान लगा दी है। टिकट वितरण से लेकर जीत सुनिश्चित करने तक पूरी टीम ने एकजुट होकर काम किया है। उन्होंने कहा कि उन्हें पार्टी की ओर से चार वार्डों की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। उनकी टीम ने दिन-रात एक कर रखा था। राव साहब के नेतृत्व में विकास की यह तो बस शुरुआत है भविष्य में वे जनता के लिए और भी बड़े कल्याणकारी कार्य करेंगे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुडा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005

## सेखपुरा में व्यक्ति ने लगाई फांसी, मौत

**नारनौल।** गांव सेखपुरा में एक व्यक्ति ने फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसका नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। गांव सेखपुरा निवासी 33 वर्षीय कपिल सैनी लघु सचिवालय के पीछे मकान बनाकर रह रहा था। वह शहर के सिंघाना रोड स्थित गौरव मार्केट में गाड़ियों का मिस्त्री था। बीते कल वह शाम को मार्केट में काम खत्म होने के बाद रात को करीब दस बजे अपने घर पर गया। वह खाना खाकर अपने कमरे में जाकर सो गया। रात को परिजन उठे तथा उसके कमरे में गए तो उसको पंखे पर फांसी से लटकता हुआ पाया। मौके पर पहुंची पुलिस ने कपिल को फंदे से उतारा, जिसके बाद उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल में पहुंचाया। डॉक्टरों ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। कपिल घर में अकेला कमाने वाला था और वह तीन छोटे बच्चों का पिता था। उसके दो लड़कियां व एक लड़का है। सभी बच्चे अभी पढ़ाई करते हैं। पिता की आत्महत्या से बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया है।

## एसडीएम ने सुनीं जनता की शिकायतें

**नारनौल।** लघु सचिवालय में आयोजित विशेष शिविर के दौरान एसडीएम अनिरुद्ध यादव ने जनता की समस्याओं को सुना। शिविर में कुल 52 नागरिकों ने अपनी शिकायतें दर्ज करवाई। जिन्हें संबंधित विभागीय अधिकारियों को सौंपते हुए प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एसडीएम अनिरुद्ध यादव ने प्रत्येक फरियादी की बात को गंभीरता से सुना और मौके पर मौजूद अधिकारियों को स्पष्ट किया कि जनसमस्याओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसडीएम ने कहा कि सरकार का उद्देश्य प्रशासन को जनता के द्वार तक ले जाना है, ताकि लोगों को अपने छोटे छोटे कार्यों के लिए दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़ें। इस मौके पर सीईओ जिला परिषद निर्मल नागर, नगराधीश डॉ. मंगल सेन, डीएसपी सुरेश कुमार आदि मौजूद रहे।



वीरवार को बांटे गए चुनाव चिन्ह, 24 को होंगे प्रधान सहित 5 पदों के चुनाव

# सैनी सभा कार्यकारिणी चुनाव : चुनावी मैदान तैयार, अब 10 दिन फिल्ड में दिखेंगे उम्मीदवार

» 4 प्रधान, 6 उपप्रधान, 4 महासचिव, 3 सचिव व 2 कोषाध्यक्ष पद के लिए चुनावी मैदान में डटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

शहर की सबसे बड़ी सामाजिक संस्था सैनी सभा (रजि.) का त्रिवार्षिक चुनाव के द्वितीय चरण के तहत पांच पदों के लिए 19 नामांकन जमा किए गए थे। सभी नामांकन सही निकले और किसी ने भी नामांकन वापस नहीं लिया। इसके बाद वीरवार को इन सभी उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिया गया। अब लगातार 10 दिन तक यह उम्मीदवार चुनावी मैदान में होंगे और अपने अपने वायदों से कॉलेजियम सदस्यों को अपने पक्ष में वोट देने का आग्रह करेंगे। इसके बाद 24 मई को सैनी सभा परिसर में मतदान होगा। इसमें 155 कॉलेजियम सदस्य वोट का प्रयोग कर अपनी पसंद की कार्यकारिणी को चुनेंगे।



नारनौल। रेवाड़ी रोड स्थित सैनी धर्मशाला। फोटो :हरिभूमि

### प्रधान पद के लिए 4 उम्मीदवार मैदान में

प्रधान पद के लिए चार उम्मीदवार मैदान में है। इनमें ओमप्रकाश सैनी पुत्र ढुलीचंद को छतरी, रोहताश सैनी पुत्र रामपत सैनी को सिलेंडर, सुरेंद्र कुमार पुत्र हरीराम सैनी को चाबी और हरिश सैनी पुत्र ओमप्रकाश को पतंग का चुनाव चिन्ह मिला है। अब देखना होगा कि परिणाम में छतरी, सिलेंडर, चाबी या फिर पतंग बाजी मारती है।

### इन चार पदों के लिए ये उम्मीदवार

चुनाव अधिकारी संदीप एडवोकेट, उप चुनाव अधिकारी सुरेंद्र सैनी व पर्यवेक्षक रोशनलाल सैनी ने बताया कि उपप्रधान पद के लिए छह उम्मीदवार है, इनमें महेंद्र पुत्र भानाराम वासी सराय दुसरान, प्रदीप पुत्र सोमदत्त वासी जमालपुर, अरूण पुत्र धर्मसिंह वासी कैलाशनगर, मानसिंह पुत्र प्रभातीलाल वासी शेखपुरा, मानसिंह पुत्र मूलचंद वासी सराय दुसरान और भवानीशंकर पुत्र पप्पू सैनी वासी पीरआगा शामिल है। महासचिव पद के लिए चार उम्मीदवार है, इनमें सतीश पुत्र रामसिंह रेवाड़ी रोड, जयसिंह पुत्र सुमेर सिंह वासी सिलाखाना, रेणू पत्नी लोकेश सैनी वासी सलामपुरा और प्रेमचंद पुत्र रामजीलाल वासी सलामपुरा शामिल है। इसी तरह सचिव पद के लिए तीन उम्मीदवार मैदान में है, इनमें मनीष पुत्र सज्जन सिंह पुरानी सराय, मदनलाल पुत्र भोलाराम वासी ढाणी किरारोद और मोहरसिंह पुत्र बिशनदयाल वासी बावड़ीपुर है। वहीं कोषाध्यक्ष पद के लिए महज दो उम्मीदवार विकास पुत्र ओमप्रकाश वासी नूनी अव्वल और कमलसिंह पुत्र रामौतार सैनी वासी नलापुर के बीच मुकाबला होगा।

## 7 में से 6 निकायों में भाजपा की जीत: भारती सैनी



**नारनौल।** नगर निकाय चुनावों में भारतीय जनता पार्टी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सात में से छह स्थानों पर जीत दर्ज कर राजनीतिक मजबूती का परिचय दिया है। इस जीत पर भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष भारती सैनी ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, पार्टी संगठन और भाजपा कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि यह जीत जनता के विश्वास और भाजपा सरकार की नीतियों की जीत है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता ने विकास, पारदर्शिता और जनकल्याणकारी योजनाओं पर भरोसा जताते हुए भाजपा के पक्ष में मतदान किया है। भारती सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश लगातार विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है, जिसका परिणाम निकाय चुनावों में स्पष्ट रूप से देखने को मिला है। भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ने सभी नवनिर्वाचित प्रधानों, पार्षदों और भाजपा समर्थित उम्मीदवारों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जनता की उम्मीदों पर खरा उतरना अब सभी जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी है।